# माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल
शिवाजी नगर, भोपाल – 462011.
ईमेल : mpbse@mp.nic.in., वेबसाईट : www.mpbse.nic.in


क्रमांक/प्रशा./स्था./ए–1/2879/2024.  भोपाल, दिनांक 10/09/2024

## –:: वॉक–इन–इंटरव्यू के माध्यम से दिव्यांगजनों की भर्ती हेतु विज्ञापन ::–

म.प्र.शासन सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल के पत्र क्रमांक एफ–8–2/2013/आ.प्र/एक भोपाल दिनांक 04.01.2024, क्र./एफ 07–19/2019/आ.प्र/एक भोपाल दिनांक 14.02.2024 एवं क्र./एफ 07–19/2019/आ.प्र/एक भोपाल दिनांक 31.05.2024 के निर्देशानुसार विशेष भर्ती अभियान के तहत माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल में दिव्यांगजनों के लिये आरक्षित पद–व्याख्याता, सहायक शिक्षक एवं सहायक ग्रेड–03 के पदों की पूर्ति वॉक–इन–इन्टरव्यू के माध्यम से की जाना है। निर्धारित योग्यता रखने वाले एवं अर्हताधारी आवेदक विहित प्रारूप में आवेदन विज्ञापन जारी होने की दिनांक से दिनांक – 30/09/2024 तक कार्यालयीन समय प्रातः 10:00 बजे से सांय 06:00 बजे तक पंजीकृत डाक अथवा मण्डल में स्वयं उपस्थित होकर, आवेदन–पत्र प्रेषित करें। निर्धारित समय पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा, डाक से हुये विलम्ब के लिये मण्डल उत्तरदायी नहीं होगा। रिक्त पदों का विवरण, वेतनमान निर्धारित योग्यता एवं वॉक–इन–इंटरव्यू के लिये निर्धारित तिथि की जानकारी निम्नानुसार है :–

| स.क्र. | पदनाम | वेतनमान | निःशक्तजन के लिए आरक्षित श्रेणी | रिक्त पद संख्या | निर्धारित शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | व्याख्याता | 36200–114800 (मेट्रिक्स लेवल–9) | दृष्टि बाधित और कम दृष्टि (1.5%) | 01 विषयः–भौतिकी/गणित/रसायन शास्त्र/जीवविज्ञान/वाणिज्य/अर्थशास्त्र (सभी अंग्रेजी माध्यम)//हिन्दी/अंग्रेजी। | 1.मान्यता प्राप्त वि.वि/ संस्थान से संबंधित विषय में द्वितीय श्रेणी (अंग्रेजी माध्यम) में स्नातकोत्तर या समकक्ष उपाधि<br>2.बी.एड (अंग्रेजी माध्यम) |
| 2. | सहायक शिक्षक | 25300–91300 (मेट्रिक्स लेवल–6) | बहरे और कम सुनने वालें (1.5%) | 01 | 1– मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्थान से हायर सेकण्डरी (10+2) में द्वितीय श्रेणी अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2–डिप्लोमा इन एज्यूकेशन |
| 3. | सहायक ग्रेड–03 | 19500–62000 (मेट्रिक्स लेवल–4) | दृष्टि बाधित और कम दृष्टि (1.5%) | 01 | 1– मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्थान से हायर सेकण्डरी(10+2) या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2–मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम एक वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा/सर्टिफिकेट परीक्षा उत्तीर्ण।<br>3–म.प्र. शासन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभागान्तर्गत आयोजित कम्प्यूटर दक्षता प्रमाणीकरण(सी.पी.सी.टी.) हिन्दी टायपिंग के साथ परीक्षा उत्तीर्ण। |
| | | | बहरे और कम सुनने वाले (1.5%) | 01 | |
| | | | लोकोमीटर डिसेबिलिटी, जिसमें सम्मिलित हैः– सेरेब्रल पाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित एवं मस्कुलर डिस्ट्रीफी (1.5%) | 01 | |
| | | | ऑटिज्म,बौद्धिक दिव्यांगता, स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी, मानसिक बीमारी और बहुविकलांगता (1.5%) | 01 | |

अन्य आवश्यक शर्तें :–

1. आवेदक को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
2. समस्त प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी अथवा स्वयं द्वारा सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. आवेदक की आयु न्युनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष, आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को शासन के नियमानुसार 05 वर्ष की छूट का प्रावधान है।
4. पूर्व सेवारत/अन्य विभाग में कार्यरत कर्मचारी नियोक्ता की अनुमति/अनापत्ति–प्रमाण–पत्र के माध्यम से ही साक्षात्कार में उपस्थित हो सकेगें।
5. आवेदक का म.प्र. में किसी भी रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।
6. साक्षात्कार के समय सभी प्रमाण–पत्रों की मूल प्रतियाँ एवं वैध पहचान–पत्र लाना अनिवार्य है।
7. निःशक्तता का निर्धारित 'डिजीटल प्रमाण–पत्र' संबंधित जिले के शासकीय जिला चिकित्सालय में मेडिकल बोर्ड के द्वारा जारी किया गया ही मान्य होगा। नियुक्ति के पश्चात निःशक्तता प्रमाण–पत्र का परीक्षण संबंधित जिला के जिला–मेडिकल–बोर्ड से कराया जावेगा। जांच में निःशक्तता प्रमाण–पत्र असत्य पाये जाने पर नियुक्ति स्वतः निरस्त मानी जावेगी।
8. डिजीटल जाति प्रमाण–पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया ही मान्य होगा।
9. जिस आवेदक को 02 से अधिक संतान है उनमें से एक का जन्म यदि 26 जनवरी 2001 को या उसके बाद हुआ हो तब ऐसा आवेदक नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा।
10. म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र दिनांक 12 दिसम्बर 2019 के अनुसार तीन वर्ष की परिवीक्षा पर प्रथम वर्ष वेतन का 70 प्रतिशत द्वितीय वर्ष 80 प्रतिशत तृतीय वर्ष 90 प्रतिशत राशि स्टायपेंड के रूप में देय होगी।
11. आवेदक द्वारा प्रस्तुत किये दस्तावेज असत्य/नकली/कूटरचित पाये जाने की स्थिति में नियुक्ति तत्काल प्रभाव से स्वयंमेव निरस्त मानी जाएगी एवं आवेदक के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जावेगी।
12. संबंधित आवेदक को वॉक–इन–इंटरव्यू में उपस्थित होने हेतु कोई यात्रा–भत्ता देय नहीं होगा।
13. नियुक्ति से संबंधित समस्त अधिकार अध्यक्ष, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, भोपाल के पास सुरक्षित होगें।
14. आवेदन पत्र का प्रारूप मण्डल की वेबसाईट **www.mpbse.nic.in** से डाउनलोड किया जा सकता है।

सचिव
माध्यमिक शिक्षा मण्डल,
म.प्र. भोपाल

# आवेदन–पत्र का प्रारूप

(दिव्यांगजनों के लिए विशेष भर्ती अभियान के तहत)

स्व–प्रमाणित पासपोर्ट साईज का नवीनतम फोटो

प्रति,

सचिव,
माध्यमिक शिक्षा मण्डल,
मध्यप्रदेश, शिवाजी नगर, भोपाल–462011

आवेदित पद का नाम : ..........................................................................

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आवेदक / आवेदिका का नाम :– | |
| 2. | पिता / पति का नाम :– | |
| 3. | माता का नाम :– | |
| 4. | वर्तमान पता (स्पष्ट अक्षरों में) :– पिन कोड सहित | |
| 5. | स्थाई पता (स्पष्ट अक्षरों में) :– पिन कोड सहित | |
| 6. | मोबाईल नम्बर :– | |
| 7. | ई–मेल आई.डी :– | |
| 8. | जन्मतिथि :– (10वीं / 12वीं अंकसूची के आधार पर) | |
| 9. | जाति (प्रमाण–पत्र संलग्न करें) :– | |
| 10. | मूल निवासी प्रमाण–पत्र :– (प्रमाण–पत्र संलग्न करें) | |
| 11. | दिव्यांगता का प्रकार एवं दिव्यांगता का प्रतिशत :– (प्रमाण–पत्र संलग्न करें) | |
| 12. | यदि आवेदक विवाहित है तो विवाह के प्रमाण–पत्र के अनुसार विवाह का दिनांक | |
| 13. | जीवित बच्चों का विवरण :– (आयु एवं लिंग) | |
| 14. | आयु :– ( 01 अगस्त 2024 की स्थिति में) | आयु :– वर्ष..................... माह................ दिन.................. |
| 15. | रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक (प्रमाण–पत्र संलग्न करें) :– | रोजगार कार्यालय का नाम एवं जिला :.......................................................... ........................................................................................ पंजीयन क्रमांक : ....................................पंजीयन दिनांक :.............................. |

16. शैक्षणिक योग्यता :–

(व्याख्याता, सहायक शिक्षक, सहायक ग्रेड–3 से संबंधित वांछित योग्यता की जानकारी स्पष्ट रूप से उल्लेखित की जावें।)

| स. क्र. | परीक्षा का नाम | संस्था/बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | विषय | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

(उक्त उल्लेखित शैक्षणिक योग्यता/अर्हता के संबंध में अंकसूची/प्रमाण–पत्र की स्वप्रमाणित प्रति अनिवार्यतः संलग्न करें।)

17. अतिरिक्त विशेष योग्यता/अनुभव :–

| | |
|---|---|
| | |
| | |
| | |

18. उपरोक्त विवरण के संबंध में सभी दस्तावेजो की स्पष्ट छायाप्रतियॉ अभिप्रमाणित कर प्रस्तुत/संलग्न करना अनिवार्य है।

आवेदक के हस्ताक्षर

आवेदक का पूरा नाम ........................................

## घोषणा–पत्र

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मैंने विज्ञापन की सभी शर्तें भली–भांति पढ़ तथा समझ लिया है। उपरोक्त सभी जानकारी जो मेरे द्वारा दी गयी हैं, वह मेरे विवेक एवं ज्ञान् से पूर्णतः सत्य हैं। यदि मेरे द्वारा दी गई जानकारी असत्य/गलत् पाई जाती है, तो मेरा आवेदन/नियुक्ति निरस्त माना जावेगा।

आवेदक के पूर्ण हस्ताक्षर

आवेदक का पूरा नाम ........................................

(केवल शासकीय/अर्द्धशासकीय कर्मचारियों/अधिकारियों के लिए)

मैं कुमारी/श्री/श्रीमती........................................इस विभाग के पद ........................................ पर दिनांक ..............................से.......................... तक कार्यरत है, इनके द्वारा जो जानकारी इस आवेदन–पत्र में प्रस्तुत की है, वे इस विभाग के अभिलेखानुसार सही एवं सत्य है यदि इनका चयन हो जाता है, तो इन्हें कार्यमुक्त कर दिया जावेगा।

सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर/ पदनाम एवं मुद्रा